हिंदी दैनिक

न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 229 देहरादून, शनिवार, 04 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

राजभवन में सजा फूलों का संसार, राज्यपाल ने किया तीन दिवसीय वसंतोत्सव का शुभारंभ 3

आपसी समन्वय से हो समस्याओं का समाधान : मुख्यमंत्री धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 मार्च , प्रदेश के समग्र विकास के लिए राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकों द्वारा अपने क्षेत्रों की जिन जन समस्याओं को रखा जा रहा है, अधिकारी उनको गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करें। विभाग कार्यों को एक दूसरे पर थोपे जाने के बजाय उनके निस्तारण पर ध्यान दें। विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समस्याओं का समाधान निकालें। दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक योजनाओं के अलग-अलग रोस्टर बनाया जाएं। जिन जन समस्याओं का समाधान जल्दी हो सकता है, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री आवास में विधानसभा क्षेत्र थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रूद्रप्रयाग, देवप्रयाग, यमकेश्वर, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, नरेन्द्रनगर, पौड़ी, लैंसडाउन एवं रामनगर में संचालित विकासपरक कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को ये निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को पूर्ण करने में लेटलतीफी होने पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाएं। कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी 5 साल या उससे अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे हैं, उनकी लिस्ट बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि गणों द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न घोषणाओं के लिए जो भी प्रस्ताव आते हैं, उनका पहले भली भांति परीक्षण कर लिया जाए। यह भी स्पष्ट किया जाए कि यह घोषणा कितनी समयावधि में पूर्ण हो जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में एक नई कार्य संस्कृति लागू करनी है। जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारी संवादहीनता को दूर कर आपसी समन्वय बढ़ाकर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विधायकों द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्रों की जिन जन समस्याओं को बैठक में रखा गया है, सभी विभागीय सचिव उनको प्राथमिकता में लेते हुए यथाशीघ्र समाधान करें। जल जीवन मिशन के कार्यों में और तेजी लाई जाए। निर्धारित प्रक्रिया के तहत टोंगिया ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राजस्व विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की मीटिंग की जाए। राज्य के पर्वतीय जनपदों में पर्यटन को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, उनको निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

बैठक में विधायकगणों द्वारा सड़कों के निर्माण एवं सुधारीकरण, नहरों के मरमत्तीकरण, बाढ़ नियंत्रण से संबिधत कार्य, सीवरेज एवं ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने, पर्यटक स्थलों के विकास एवं एवं विधानसभा क्षेत्रों की अन्य समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगणों द्वारा जो भी जन समस्याएं रखी गई हैं, उनका हर संभव समाधान किया जायेगा।

बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, अनिल नौटियाल, भूपाल राम टम्टा, शैलारानी रावत, भरत सिंह चौधरी रेनू बिष्ट, राजकुमार पोरी, दलीप सिंह कुंवर, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डॉ. बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम एच.सी. सेमवाल, एस. एन पाण्डेय, अपर सचिव रंजना राजगुरू, डॉ. अहमद इकबाल, योगेन्द्र यादव, ललित मोहन रयाल, बंशीधर तिवारी, नवनीत पाण्डे, जगदीश चन्द्र काण्डपाल एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

सीएम धामी ने त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

■ होली को लेकर पुलिस-प्रशासन पुख्ता इंतजाम करें प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 मार्च , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गृह विभाग तथा पुलिस विभाग को प्रदेश में होली पर्व के दृष्टिगत कानून व्यवस्था पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली को लेकर पुलिस विभाग पुख्ता इंतजाम करें। प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होने पुलिस महानिदेशक को सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से इस सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रदेश में होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था या अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने गृह विभाग तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ होली की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा की। पुलिस विभाग होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। पुलिस अधिकारी व्यवस्था पर निरन्तर निगरानी बनाएं रखे। असामाजिक तत्वों व संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाय। पुलिस तंत्र फील्ड पर सतर्क एवं सक्रिय रहें। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उल्लास और उमंग का यह पर्व देवभूमि उत्तराखंड में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, यह परम्परा आगे भी बनाए रखनी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार उपस्थित थे।

चढ़ने लगा पारा पहाड़ से मैदान तक पड़ेगी भीषण गर्मी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 4 मार्च : उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के साथ ही मैदान से लेकर पहाड़ तक पारा चढ़ने लगा है। पिछले तीन दिन में मौसम के बदले मिजाज के चलते जहां हल्की बूंदाबांदी से तापमान में कमी आई थी, वहीं अब गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी दून में सीजन में पहली बार पारा 30.2 डिग्री पर पहुंच गया। ऐसे में लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं, रात में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा पंतनगर में अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री दर्ज रहा। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह

डिग्री, टिहरी में 20.2 और 7.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी पड़ने के आसार हैं। ऐसे में लोगों को सेहत के लिहाज से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है।

देहरादून : प्रदेश में अब तक बन चुके हैं 50 लाख आयुष्मान कार्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

4 मार्च : देहरादून प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण एक कीर्तिमान हासिल किया है। प्रदेश भर में अब तक 50 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शत प्रतिशत कार्ड बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रयास जारी हैं। बता दें कि उत्तराखंड में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दिनांक 23 सितम्बर 2018 से लागू हुई और अटल आयुष्मान योजना का संचालन 25 दिसम्बर 2018 से शुरू हुआ। बीते समयांतराल में जन-जन को योजना का लाभ देने के लिए जागरूकता अभियान व अन्य कार्यक्रम भी समय समय पर चलाए गए। इसी का नतीजा है कि वर्तमान में प्रदेश में 50 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। इसमें सबसे अधिक 1047988 राज्य राजधानी देहरादून में बने है। जिन क्षेत्रों में कम कार्ड बने हैं उन्हें फोकस किया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुणेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत अभी तक 50 लाख से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। सभी लोगों को आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए वृहत स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

जनपद	आयुष्मान कार्ड
अल्मोड़ा	254045
बागेश्वर	111287
चमोली	193018
चंपावत	110608
देहरादून	1047988
हरिद्वार	840402
नैनीताल	469620
पौड़ी	363698
पिथोरागढ़	199094
रूद्रप्रयाग	118253
टिहरी	308876
उधम सिंह नगर	806782
उत्तरकाशी	176907

आयुष्मान जन कल्याण की बेहद अहम योजना है। हमारी प्रतिबद्धता है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य निशुल्क सुविधा मिले। अभी तक 50 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। इसके लिए पूरी टीम को बधाई। कोशिश है कि शत-प्रतिशत लोगों को आयुष्मान से जोड़ने का लक्ष्य भी जल्द हासिल हो जाए। ₹डा. धन सिंह रावत स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखंड₹

होली पर इतने दिन बंद रहेंगे बैंक, तुरंत निपटा लें अपना बैंक से जुड़े काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

4 मार्च : अगर आप लंबे समय के बैंक से जुड़ा कोई काम टालते आ रहे हैं, तो उसे तुरंत निपटा लें, क्योंकि आने वाले दिनों में होली और कई प्रमुख त्योहारों के कारण बैंक बंद रहने वाले हैं। ऐसे में आपका काम अटक सकता है और इसमें देरी हो सकती है। इस कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

बता दें, आरबीआई के बैंकिंग कैलेंडर के मुताबिक, होलिका दहन के मौके पर कुछ राज्यों में 7 मार्च, 2023 (मंगलवार) को बैंक बंद हैं। इसमें देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पणजी, रांची और श्रीनगर का नाम शामिल हैं। वहीं, अगरतला, अहमदाबाद, आइजोल, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, देहरादून और गंगटोक सहित कुछ शहरों में 8 मार्च (बुधवार) को होली के कारण बैंक बंद रहेंगे। साथ ही 9 मार्च को होली की वजह से दूसरे दिन बैंक बंद रहेंगे।

मार्च में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

3 मार्च 2023 - चापचर के मौके पर आइजोल में बैंक बंद रहेंगे।

5 मार्च 2023- रविवार की छुट्टी

7 मार्च 2023 - होली के मौके पर हरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पणजी, रांची और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।

8 मार्च 2023 - होली के अवसर पर अगरतला, अहमदाबाद, आइजोल, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, देहरादून और गंगटोक में बैंक में अवकाश रहेगा।

9 मार्च 2023- होली की वजह से दूसरे दिन बिहार में बैंक बंद रहेंगे।

11 मार्च 2023 - दूसरे शनिवार को बैंक बंद रहेंगे।

12 मार्च 2023- रविवार को बैंकों की छुट्टी रहेगी।19 मार्च 2023 - रविवार को बैंकों की छुट्टी रहेगी।

22 मार्च 2023- गुडी पाडवा/ उगाडी/ बिहार दिवस/ साजीबु नोंगमापानबा/ प्रथम नवरात्र/ तेलुगु नववर्ष दिवस के अवसर पर बेलापुर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, जम्मू, मुंबई नागपुर, पणजी, पटना, और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।

25 मार्च 2023 - चौथे शनिवार को बैंक बंद रहेंगे।

26 मार्च 2023 - रविवार के कारण बैंकों में अवकाश रहेगा।

30 मार्च 2023- रामनवमी के कारण बैंकों में अवकाश रहेगा।

बैंकों में छुट्टियां रहने बावजूद ऑनलाइन और एटीएम की सभी सेवाएं जारी रहेंगी। आप ऑनलाइन मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही एटीएम में पैसे आदि भी निकाल सकते हैं।

उत्तराखंड में अप्रैल से शुरू होने जा रही है हेली एंबुलेंस सेवा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 4 मार्च : उत्तराखंड आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील प्रदेश है। यहां प्राकृतिक आपदा व अन्य दुर्घटनाओं का होना बेहद आम है।समय पर इलाज न मिलने से कई बार घायलों की जान चली जाती है, उम्मीद है भविष्य में घायलों को समय पर उपचार मिल सकेगा। अप्रैल से प्रदेश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा की शुरुआत होने जा रही है। इससे घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने हेली इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए ऋषिकेश एम्स को चुना है। केंद्र और प्रदेश सरकार साझा रूप से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हेली एंबुलेंस सेवा का संचालन करेगी।

20 सितंबर 2022 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में विधिवत रूप से एम्स में हेली एंबुलेंस के संचालन की घोषणा की थी। प्रोजेक्ट के तहत अनुबंधित कंपनी एम्स को सिंगल इंजन वाला एक हेलीकॉप्टर मुहैया कराएगी। एम्स प्रशासन हेली एंबुलेंस के संचालन के लिए मेडिकल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर रहा है। एम्स कर्मचारियों को प्राइमरी ट्रॉमा केयर, ट्रामा टीम ट्रेनिंग, एडवांस ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट, एडवांस ट्रॉमा केयर फॉर नर्सेज आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हेली एंबुलेंस पूरे उत्तराखंड के साथ उत्तर प्रदेश के 100 किमी के दायरे में सेवा मुहैया कराएगी। अनुबंधित कंपनी एक महीने में 45 घायलों और मरीजों को निशुल्क हेली एंबुलेंस उपलब्ध कराएगी। हेली एंबुलेंस सेवा से पर्वतीय और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों के गंभीर घायलों और मरीजों को समय पर उपचार मिल पाएगा। चारधाम यात्री भी इसका फायदा उठा सकेंगे। हेली इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के प्रभारी और हेली एंबुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हेली एंबुलेंस के संचालन के लिए कंपनी के साथ एक साल का टेंडर किया है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर सकते हैं।



राजभवन में सजा फूलों का संसार, राज्यपाल ने किया तीन दिवसीय वसंतोत्सव का शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 4 मार्च : तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2023 का 3 मार्च को सुबह 11 बजे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सैनी) उद्घाटन किया। 3 मार्च को दोपहर एक बजे से शाम 6 बजे तक एवं 4 व 5 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए खुली रहेगी। तीन दिवसीय आयोजन में 16 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 62 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। कुल 186 पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के बाद 5 मार्च, 2023 को विजेताओं को दिए जाएंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता में पहली बार 4 नई श्रेणियां, रूफटॉप गार्डनिंग, बोन्साई, टेरारियम एवं शहद शामिल किया गया है। इससे पहले वसंतोत्सव-2023 के विशेष प्रचार वाहन के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सैनी) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फूलों से सजे हुए इस वाहन ने पूरे देहरादून शहर में महोत्सव का प्रचार-प्रसार किया। राज्यपाल ने वसंतोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर यहां पर पुष्प प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं और अन्य कार्यक्रमों का आनंद लें। बताया कि प्रचार वाहन डोईवाला से सेलाकुई सहित पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर पुष्प प्रदर्शनी के लिए लोगों को जानकारी देगा।

लापरवाही पर डॉक्टर समेत छह का स्थानांतरण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। कार्यों में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग ने जिले के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा के प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित मेडिकल व कार्यालय से जुड़े छह कार्मिकों का अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया है। विभाग द्वारा कराई गई जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने स्थानांतरण के आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगडडा को लेकर शिकायत मिली थी। जिसमें बच्चा पैदा होने पर उन्हें विटामिन सी के इंजेक्शन न लगाए जाने, एनएचएम के तहत पोलियो अभियान के दौरान वाहनों में प्रयोग में लाए जाने वाले पेट्राल को निजि वाहनों में डालने, एक कार्मिक के संबद्व होने के बाद भी उपस्थिति रजिस्टर में उसका नाम नहीं होने आदि की जांच की मांग गई। बताया कि शिकायत के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। सीएमओ ने बताया कि इस मामले में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार से जांच कराई गई।

उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रथम दृष्टया चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी सहित 6 का स्थानांतरण आदेश कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यावहारिक व प्रशासनिक आधार पर जिन कार्मिकों का स्थानांतरण किया गया है। उसमें स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. मनोज कुमार, फार्मसिस्ट, स्टाफ नर्स उत्तरा, वर्षा के साथ ही लेखाकर सोहन सिंह, कलर्क तनवीर का स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए गए हैं। इनमें तीन कार्मिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत हैं। सभी को जनपद के अन्य चिकित्सालयों में स्थांतरित किया गया है। सीएमओ ने बताया कि जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा में चिकित्साधिकारी सहित अन्य कार्मिकों को भेज दिया जाएगा।

योगगुरु ने दिया पुलिस फोर्स के इलाज का भरोसा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। एसएसपी अजय सिंह ने बाबा रामदेव से मुलाकात कर विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहे पुलिस फोर्स के स्वास्थ्य को लेकर मंथन किया। रामदेव ने एसएसपी को भरोसा दिलाया कि विभिन्न रोगों से पीड़ित पुलिसकर्मियों का भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं योग से इलाज कराया जाएगा। एसएसपी ने बाबा रामदेव को आश्वस्त किया कि पतंजलि संस्थान के नाम पर हो रही ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष प्रयास किए जाएंगे। एसएसपी अजय सिंह शुक्रवार को बाबा रामदेव से मिलने पतंजलि योगपीठ पहुंचे। एसएसपी ने मुलाकात के दौरान पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की चिंता को लेकर रामदेव से अपने विचार सांझा किए। एसएसपी ने उन्हें बताया कि पुलिस फोर्स के सामने रोजाना नई नई चुनौतियां होती है। अपने परिवार से दूर रहकर पुलिसकर्मी अपने फर्ज हो अंजाम देते हैं। लिहाजा कई पुलिसकर्मी बेहद ही गंभीर रोगों की चपेट में आ जाते है और तनाव से भी ग्रस्त होते है। ऐसे में पतंजलि योगपीठ में पुलिस फोर्स के इलाज के लिए कदम उठाया जाए। रामदेव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति की उपलब्धियों को एसएसपी से सांझा करते हुए किसी भी प्रकार के रोग निवारण में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

योगगुरु ने पतंजलि के नाम से हो रही साइबर ठगी को लेकर भी एसएसपी से चर्चा की। एसएसपी ने बाबा रामदेव को भरोसा दिलाया कि साइबर ठगों से निपटने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साइबर सेल को पतंजलि से जुड़े मसलों पर बेहद ही चौकस रहने के निर्देश दिए जाएंगे। भरोसा दिलाया कि इस तरह के ऑनलाइन ठगी को रोकना बेहद ही आवश्यक है, जिस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

कोर विवि में मनाया गया महिला दिवस

हरिद्वार। कोर विवि ने उत्साह और जोश के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित किया। इस वर्ष के उत्सव का विषय लिंग समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी था जिसका उद्देश्य लैंगिक पूर्वाग्रह और असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों को अधिक समावेशी दुनिया के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना था। समारोह की शुरुआत कोर विवि की कार्यकारी निदेशक चारू जैन के स्वागत भाषण से हुई। आयोजन की मुख्य अतिथि नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. माधुरी बर्थवाल रहीं। डॉ. माधुरी बर्थवाल ने लैंगिक रूढियों को चुनौती देने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता के बारे में विचार रखे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा जग्गा, ज्वालापुर स्थित जीजीआईसी की प्रधानाचार्या पूनम राणा, दौलतपुर डीपीएस की प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव, रुडक्री स्थित चंद्रशेखर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम चंद्रा, रुडक्री स्थित आर्य कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या चंद्रप्रभा गुलेरिया उपस्थित रहीं।

संक्षिप्त खबरें

आपरेशन मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया

नई टिहरी। जनपद टिहरी गढ़वाल में बच्चों को भिक्षावृति, कूड़ा बीनने व गुब्बारे बेचने जैसी गतिविधियों से हटाकर शिक्षा से जोडने को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने आगामी दो माह के लिए आपरेशन मुक्ति अभियान का शुभारंभ करते हुए टीम को नई टिहरी मुख्यालय से रवाना किया। आपरेशन मुक्ति अभियान का शुभारंभ के मौके पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि टीम बच्चों को भिक्षा, कूड़ा बीनने व गुब्बारे बेचने सहित अन्य गतिविधियों से दूर कर शिक्षा से जोडने के लिए प्रभावी कार्य करते हुए अभियान शुरू किया गया है। पहले भी समय-समय पर यह अभियान चलाते हुए बच्चों को स्कूलों में भेजने का काम किया गया है। इसके लिए आम जनमानसा को जागरूक करने का काम भी टीम करेगी। अभियान के प्रथम चरण में पूर्व में चलाये गये समस्त अभियान के दौरान स्कूल में दाखिल कराये गये बच्चों से से बातचीत व उनका सत्यापन जो स्कूल नहीं जा रहे हैं। विभिन्न कामों पर लगाये बच्चों सत्यापन व चिन्हीकरण किया जायेगा। ऐसे बच्चों के गार्जनों सहित उनका पूर्ण विवरण तैयार कर बच्चों को स्कूल भेजने की कार्यवाही की जायेगी।

तहसील दिवसों में आंशिक संशोधन

21 मार्च को घनसाली और 18 अप्रैल को कीर्तिनगर में तहसील दिवस

नई टिहरी। तहसीलों व उप तहसीलों में आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए माह मार्च व अप्रैल के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले तहसील दिवसों में आंशिक संशोधन किया गया है। यह जानकारी देते हुए एडीएम रामजी शरण शर्मा ने बताया कि माह मार्च में 7 तारीख को तहसील घनसाली में आयोजित होने वाले तहसील दिवस होलिका दहन अवकाश के कारण अब आगामी 21 मार्च को आयोजित किया जायेगा। आगामी 4 अप्रैल को तहसील कीर्तिनगर में आयोजित होने वाला तहसील दिवस महावीर जयंती अवकाश के कारण अब आगामी 18 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा।

वल्ड हेयरिंग डे पर किया जनता को जागरूक

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से वल्ड हेयरिंग डे पर जनपद के अनेक स्थानों पर गोष्ठियां आयोजित की गई। इस मौके पर बहरेपन व सुनने की हानि को रोकने के लिए जनता को जागरूक किया गया। मोबाइल के संतुलित उपयोग करने व तेज ध्वनि में संगीत सुनने से बचने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना है। कहा कि बहरेपन व श्रवण हानि के कारण व उसके निवारण के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर डॉ शाकिब हुसैन, डॉ. एजाज अहमद, डॉ. राजेश पुंडीर, ऑडियोमेट्रिस्ट संजय सिंह, सीएचओ आरती धरवाण, दीपक नौटियाल, डॉ. मनवर सिंह रावत दिगपाल कंडारी, मुकेश बगवाड़ी, विपिन सेमवाल, सतीश नौटियाल, नागेश्वर बगवाड़ी, यशवंत राणा आदि मौजूद थे।

बजट सत्र को लेकर डीएम ने आदेश दिए

चमोली। गैरसैंण विधानसभा बजट सत्र में अपेक्षित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तथा विधानसभा से संबंधित अन्य वांछित कार्यवाही के लिये जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बजट सत्र अवधि के दौरान अधिकारियों की मुख्यालय में उपस्थित अनिवार्य की गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद में कार्यरत समस्त शासकीय, अद्र्वशासकीय विभागों के कार्यालयाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को विधानसभा सत्र की अवधि के दौरान मुख्यालय में बने रहने के आदेश जारी किए हैं।

नैनीताल : दुल्हन करती रही बारात का इंतजार लड़के वाले शादी की तारीख ही भूल गए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 4 मार्च : आपने शादी के लेकर अलग अलग कारनामे सुने होंगे लेकिन नैनीताल से अजीबो गरीब मालना सामने आया है. नैनीताल जिले में एक युवती की बारात आनी थी। शादी की सारी तैयारियां हो चुकी थीं, दुल्हन तैयार होकर दूल्हे का इंतजार कर रही थी, लेकिन न तो दूल्हा आया और न ही बारात। दुल्हन के परिजनों ने लड़के वालों को फोन किया तो वो कहने लगे कि उन्हें शादी की डेट याद नहीं रही। ये भी कहा कि अब 10 मार्च को बारात ले आएंगे, लेकिन उससे पहले दहेज में कार चाहिए होगी। सगाई से लेकर शादी की तैयारियों तक लड़की वाले करीब 4 लाख रुपये खर्च चुके थे। उन्हें जब लड़के वालों की नई डिमांड के बारे में पता चला तो वो सन्न रह गए। ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। अब पीड़ित पक्ष ने पुलिस में तहरीर दी है। घटना हल्द्वानी के वनभूलपुरा इलाके की है। जहां दुल्हन पक्ष ने दूल्हे के पिता पर दहेज में कार और अन्य सामान की डिमांड करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दहेज में कार की डिमांड कर रहे लड़के वालों ने शादी की डेट दस दिन आगे बढ़ा दी।

इससे नाराज दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित युवती के भाई ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी बड़ी बहन की शादी समीर पुत्र नसीर अहमद निवासी देवराड़ा थराली, चमोली के साथ तय हुई थी। अगस्त 2022 में सगाई हुई और शुरुआत मार्च 2023 को शादी होनी थी। शादी के कार्ड बंट चुके थे। लाखों का सामान खरीद लिया गया था। शादी की तैयारियों में करीब 4 लाख रुपये खर्च हुए। शुरुआत मार्च में बारात आनी थी, लेकिन लड़के वाले कहने लगे कि वो शादी की डेट भूल गए। अब 10 मार्च को बारात लाएंगे, लेकिन शादी के दिन कार भी देनी पड़ेगी।

बारात में भी सौ की जगह डेढ़ सौ लोग शामिल होंगे। लड़के वालों की बढ़ती डिमांड से नाराज दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया। अब आरोपी दूल्हे और उसके पिता समेत 5 लोगों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया गया है।

आरूषी सुंद्रियाल की भूख हड़ताल के समर्थन में कांग्रेस का उपवास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

द्रेहरादून , 4 मार्च , कांग्रेस नेता आरुषि सुंद्रियाल के साथ गैस सिलेंडर के बेलगाम दामों के विरोध में देहरादून के गांधी पार्क में एक दिवसीय उपवास में बैठे श्रम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह कौशल , महानगर अध्यक्ष श्रम कांग्रेस हरेंद्र सिंह बेदी, सेवादल के गोपाल सिंह गढ़िया , पूर्व विधायक भरत सिंह, महासचिव और महिला प्रभारी पूनम कंडारी , महानगर सचिव श्रम कांग्रेस मिथिलेश देवी, गीता राम जयसवाल , यूथ कांग्रेस के फहीम खान, प्रदेश सचिव श्रम कांग्रेस मनीष गर्ग, आनंद जगूड़ी , मुकेश सोनकर और पार्षद सविता सोनकर शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता आरुषि सुंद्रियाल ने कहा कि कांग्रेस के समय पर सिलेंडर पर दी जा रही सब्सिडी पर जनता का ध्यान कभी नहीं गया क्योंकि कांग्रेस ने सिलेंडर की सब्सिडी देते समय कोई उपकार नहीं जताया, भाजपा ने पहले

तो अलग से बैंक खाते में डाल कर गैस पर दी जा रही सब्सिडी का उपकार जताया और फिर सब्सिडी बंद कर आए दिन गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी इजाफा कर रहे हैं।लोगों को भाजपा के शासन में पहले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा दाम देने पड़ रहे हैं जिससे गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों के लिए रसोई गैस का खर्च उठाना बड़ा भारी हो गया है। देश में बढ़ती महंगाई के कारण बढ़ रही भुखमरी को देखते हुए ही उन्होंने अचानक भूख हड़ताल का निर्णय लिया था और यदि भाजपा सरकार ने गैस सिलेंडर की कीमत कम नहीं की तो वह आमरण अनशन पर बैठ जाएंगी।

ऋषिकेश : कई बार बुलाने पर भी नहीं आई पत्नी, पति ने खुद को मारी गोली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 4 मार्च : ऋषिकेश बीते दिन यहां कृष्णा नगर तिराहे के पास एक युवक की लाश मिली थी। युवक के सिर पर गोली लगी थी। पहले तो मामला हत्या का लगा. लेकिन अब पुलिस की जांच में पता चला है कि युवक ने खुद अपनी जान ली थी। युवक अपनी पत्नी से मिलने के लिए ऋषिकेश पहुंचा था.लेकिन पत्नी मिलने नहीं आई। इस बात ने युवक को इस कदर आहत किया कि उसने जानलेवा कदम उठा लिया। मृतक की शिनाख्त अनिल पुत्र चतरू निवासी बिजनौर, यूपी के रूप में हुई। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने उसके सिर से गोली निकाली। अनिल 29 साल का था। जांच के दौरान पुलिस ने अनिल की कॉल डिटेल खंगाली तो पता चला कि वो अपनी पत्नी के संपर्क में था। पुलिस के मुताबिक अनिल की शादी 3 साल पहले हुई थी। करीब 2 महीने तक पति-पत्नी साथ रहे. इसके बाद उनकी अनबन होने लगी। पति संग रहना मुश्किल हो गया. तो पत्नी अनिल को छोड़कर चली गई। वर्तमान में अनिल की पत्नी एम्स ऋषिकेश में ठेका कर्मी के रूप में हाउसकीपिंग का काम करती है। वह कृष्णा नगर कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर अकेले रहती है। पुलिस ने मृतक की पत्नी से भी पूछताछ की है। जिसमें पता चला कि अनिल अपनी पत्नी को अक्सर फोन करता

था। हालांकि दोनों के बीच विशेष बातचीत नहीं होती थी। घटना के रोज भी वह अपने घर से बिना बताए ऋषिकेश आ गया था। उसने फोन कर अपनी पत्नी को बात करने के लिए बुलाया, लेकिन वो नहीं आई। माना जा रहा है कि इस बात से नाराज अनिल ने तमंचे से खुद को गोली मार ली। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। मामले की जांच जारी है।

संक्षिप्त खबरें

जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। जुआ खेलते पांच आरोपी शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। शहर कोतवाल विद्याभूषण नेगी ने बताया कि शिव कॉलोनी लक्ष्मण चौक में दबिश देकर गिरफ्तारी की गई। आरोपियों की पहचान जितेंद्र साहनी, रमाकांत साहनी, शत्रुधन साहनी, सीबिया साहनी और दिनेश साहनी निवासी शिव कॉलोनी लक्ष्मण चौक के रूप में हुई। मौके से पुलिस ने ताश पत्तों की गड्डी और 15,640 रुपये नगद बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

भगत सिंह कालोनी में चलाया सफाई अभियान

देहरादून। नगर निगम की ओर से शुक्रवार को भगत सिंह कालोनी वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा, स्थानीय पार्षद इलियास अंसारी ने क्षेत्र के लोगों के साथ सफाई कार्य किया। साथ ही लोगों से सफाई व्यवस्था और बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान सफाई इंस्पेक्टर मनीष दरियाल, पुष्पा रौथाण आदि मौजूद थे।

महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दृष्टिदिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान राजपुर रोड में महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी अधिकारो पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाधान संस्था की संचालक अधिवक्ता रेनू डी सिंह, संस्थान के निदेशक इंजी. मनीष वर्मा ने दीप जलाकर किया। एडवोकेट रेनू डी सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया और महिलाओं के समानता के अधिकारों के साथ अन्य महत्वपूर्ण बातें साझा की। बताया कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे सप्ताह मनाया जाएगा। जिनमें प्रतिदिन महिलाओं को जागरूक करने, मनोरंजन के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए निवारक उपाय, प्राणिक हीलिंग से संबंधित जानकारी, मेडिटेशन, खेल प्रतियोगिताएं, पोस्टर निर्माण आदि आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम का संचालन आदर्श विद्यालय (निपवेड) की कक्षा 11 की दृष्टिदिव्यांग छात्रा मानसी ने किया। इस दौरान सुरेखा ममगाई, हेमा कैलासिया, नीरज सेठी, जयश्री शर्मा, दीप शिखा आदि मौजूद रहे।

द्वितीय दिवस पर किया नाली निर्माण कार्य

कोटद्वार। रिखणीखाल स्थित स्व. भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवियों के ग्राम सभा सुंद्रोली में आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवियों ने पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य किया। द्वितीय दिवस के सुबह के सत्र का आरंभ व्यायाम के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वयं सेवियों ने प्राथमिक विद्यालय सुंद्रोली परिसर में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य किया और आसपास उगी झाडियों का कटान किया। स्वयं सेवियों ने ग्राम सभा में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। इस दौरान ग्राम प्रधान महावीर सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

कोटद्वार में गैस के दाम बढने पर युकां का प्रदर्शन

कोटद्वार। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में पचास रूपए व कमर्शियल गैस सिलेंडर में तीन सौ पचास रुपये की बेतहाशा बढ़ोतरी करने पर युवा कांग्रेस ने रोष व्यक्त किया है। इस बात से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने तहसील तिराहे पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा की सरकार द्वारा गैस के दामों में निरंतर बढ़ोतरी की जा रही है ,जिससे मध्यम वर्ग की रसोई का बजट गड़बड़ा रहा है। रसोई गैस में वृद्धि होने से अन्य सामान के भी महंगा होने की आशंका है। इस कारण जनता में आक्रोश बना हुआ है। वहीं केंद्र सरकार महंगाई के कम होने का दावा भी कर रही है, जो हकीकत में कहीं नहीं दिखाई दे रही है। बढ़ती महंगाई के कारण आम जन का दो जून की रोटी जुटाना भी दूभर हो गया है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही गैस के दाम कम नहीं किए गए तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश, जिला महासचिव कांग्रेस नीरज बहुगुणा, अभिषेक रावत, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अरविंद रावत, मुकुल लेगी, प्रदीप नेगी, मोहम्मद रानू, मनीष चौहान दीपक बिष्ट और मुदित गोयल आदि शामिल थे।

विधायक ने लोनिवि अधिकारियों संपर्क मार्गों के सुधारीकरण का निर्देश दिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। तहसील क्षेत्र की न्याय पंचायत धर्मावाला के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर-कल्याणपुर में विधायक सहदेव पुंडीर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के सभी संपर्क मार्गों का सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि शाहपुर कल्याणपुर के रामगढ़ मजरे के पंचायत भवन से शिमला बाईपास की ओर से जाने वाला संपर्क मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। रामगढ़ मजरे का मुख्य संपर्क मार्ग होने के कारण इससे आवागमन करते हुए करीब एक हजार की आबादी को हर परेशानी झेलनी पड़ती है। बरसात में पूरे मार्ग पर कीचड़ फैल जाता है। विधायक ने अधिकारियों को जल्द मार्ग का सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने हसनपुर-कल्याणपुर पंचायत के संपर्क मार्गों, शिमला बायपास पर बरसाती खालों के समीप जल निकासी की व्यवस्था करने और बरसात से पहले सभी सुधारीकरण कार्य पूरा करने को कहा। विधायक ने कहा कि गांवों में आवागमन का मुख्य जरिया संपर्क मार्ग ही होते हैं, इन मार्गों से ग्रामीण अपने रोजमर्रा का सामान लाने के साथ ही निर्माण सामग्री भी लाते हैं। इसी के साथ गांवों में होने वाले पारिवारिक समारोह, शादी समारोह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में क्षतिग्रस्त मार्गों से बड़े वाहनों की आवाजाही के दौरान दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने अधिकारियों को सभी संपर्क मार्गों के निर्माण में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता शक्ति कार्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश सैनी, उमेश कुमार, घनश्याम, सोहन लाल, हरपाल, ऋषिपाल, मास्टर देवी सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक योगंबर सिंह रावत को दी विनम्र श्रद्धांजलि

पौड़ी। कोट ब्लाक के राजकीय आदर्श कन्या जूनियर हाईस्कूल सल्डा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्व. योगंबर सिंह रावत को क्षेत्रीय जनता शिक्षकों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी, ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीनगर जितेंद्र धीरवाण सांसद प्रतिनिधि संजय बलुनी ने पूर्व सैनिक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके कार्यो को याद किया। जितेंद्र धीरवाण ने सेना में उनके साथ व्यतीत क्षणों को याद करते हुए एक भाई व बेटे के रूप में उनके परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने का संकल्प उनके परिवार को दिया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने पेंटिंग व निबन्ध के माध्यम से भी पूर्व सैनिक को याद किया। संयोजक रोशन डोगरा ने उन्हें भारत मां का सच्चा सपूत बताया और स्कूल को आदर्श स्कूल बनाने में उनकी भूमिका को याद किया। इस मौके पर सुभाष रावत, महेश गिरि, भारती लाल, भजन सिंह कठैत, गौरव, भुपेंद्र रावत, यशवंती राणा, दुर्गावती शाह, राकेश मोहन, सुषमा रावत, अंजना आदि मौजूद रहे।

यूपीसीएल के शिविर में दो लाख रुपये से अधिक का बकाया वसूला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। विद्युत विभाग की ओर से चकराता ब्लाक के मैंद्रथ गांव मे लगाए गए शिविर में दो लाख से ज्यादा राजस्व वसूली की गयी। कैंम्प में लोगों को ऑनलाइन माध्यम से बिल जमा करने की जानकारी दी गयी। विद्युत बिलों के भुगतान को लेकर हो रहे फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताए। यूपीसीएल के एसडीओ चकराता अशोक कुमार ने बताया कि त्यूणी क्षेत्र में बिजली के बिल काफी लंबित चल रहे हैं, जिसके चलते आज मेंद्रथ गांव में कैम्प लगा वसूली अभियान चलाया गया। बताया कि कैम्प में दो लाख से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ। साथ ही उपस्थित लोगों को ऑनलाइन माध्यम से बिजली के बिल जमा करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। वहीं एसडीओ ने बताया कि वर्तमान में कई लोग फ्रॉड करने के लिए विभिन्न नम्बर से मेसेज कर बिल जमा न होने पर विधुत संयोजन काटने की उपभोक्ताओं को धमकी देते हैं। बताया कि ऊर्जा निगम के नंबरों के बजाय फ्रॉड अपना मोबाइल नंबर देकर कॉल करने व फर्जी लिंक भेजकर उपभोक्ताओं के खाते खाली कर देते हैं। ऐसे फ्रॉड से बचने के बारे में लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। बताया कि उपभोक्ताओं को समझाया गया कि इस तरह की कोई कॉल या मैसेज यदि उनको बिजली विभाग की ओर से भेजा जाता है तो यूपीसीएल के कार्यालय व कर्मचारियों से संपर्क कर जानकारी हासिल कर सकते हैं। बताया कि विभाग की ओर से ऐसे मैसेज या कॉल आदि नहीं भेजी जाती है। इसलिए उपभोक्ताओं को इस मामले में सतर्क रहना होगा। शिविर में प्रधान रमेश डोभाल, संदीप बहोत आदि शामिल रहे।

छात्रों ने लगाया पुलिस कर्मी पर मारपीट का आरोप

बागेश्वर। डीडीयूजीकेवाई केंद्र के छात्रों ने एक पुलिस कर्मी पर मारपीट और धक्कामुक्की का आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस कर्मी बिना कारण के रात लगभग साढ़े आठ बजे हॉस्टल में घुस आए। उन्होंने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में डीडीयूजीकेवाई हॉस्टल के छात्रों ने कहा कि वह प्रशिक्षण पर हैं। गुरुवार को सभी हॉस्टल के छात्र अपने बेड पर पढ़ाई कर रहे थे। रात लगभग साढ़े आठ बजे एक पुलिस कर्मी हॉस्टल के ऊपर हाल में घुस आए। वह गाली-गलौज और लोहे की रॉड से मारने लगे। कुछ छात्र बाथरूम में घुस गए और वह बाथरूम का गेट भी तोडने लगे। लडक़ी और पत्नी से पत्र लिखाने और कार्रवाई की धमकी भी दी। घटना में छात्रों को चोट भी आई है। खिडक़ी का शीशा भी तोड़ा गया। जाते-जाते धमकी दे गए कि वे लोग छत पर आए तो ठीक नहीं होगा। इस मौके पर धीरज, हरीश, भुवन, कुंदन, सुरेंद्र, पंकज आदि उपस्थित थे। इधर, पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने कहा कि 112 पर कॉल आई थी। हुड़दंग मचाने की सूचना थी।

सेलाकुई से आईएसबीटी तक सिटी बस सेवा हुई शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। सेलाकुई नगर पंचायत के साथ ही आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों को देहरादून आईएसबीटी, परेड ग्राउंड तक जाने के लिए अब प्राइवेट यूनियन की बसों में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। सेलाकुई से आईएसबीटी और परेड ग्राउंड के लिए सिटी बसों का संचालन शुरू हो गया है। शुक्रवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर सेलाकुई से रवाना किया। विधायक ने कहा कि सेलाकुई से आईएसबीटी तक सिटी बस संचालित किए जाने की मांग स्थानीय जनता लंबे समय से कर रही थी। अब जनता की मांग पूरी कर दी गई है। हर दिन चार सिटी बसें नियमित तौर पर सेलाकुई के आईएसबीटी, परेड ग्राउंड तक चलेंगी। एक बस दिन भर में कई चक्कर लगाएगी। सिटी बस का संचालन होने से उन लोगों को सहूलियत मिलेगी, जो प्रत्येक दिन रोजगार के सिलसिले में देहरादून के विभिन्न इलाकों में जाते हैं। इसके साथ ही बुजुर्ग और बीमार लोगों को भी प्राइवेट यूनियन की बसों की भीड़ में धक्के खाने से निजात मिलेगी और समय पर भी अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के बाशिंदों को बेहतर यातायात की सुविधा मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सडक़ों के सुधारीकरण से लेकर नई बसों का संचालन किया जा रहा है।

सेलाकुई से डूंगा तक बस सेवा जल्द

उन्होंने कहा कि जल्द ही सेलाकुई से डूंगा तक सिटी बस सेवा का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कंडी क्षेत्र के ग्रामीणों को भी बेहतर यातायात सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखदेव फर्सवाण, भगत सिंह राठौर, विजयपाल सिंह, अनिल नौटियाल, शरद सिंह रावत, यशपाल नेगी, अधिशासी अधिकारी बीएल आर्य, नरगिस कुमार, विनोद कुमार करण पाल पुंडीर, दिनेश महावर, हरीश चौहान, बलभद्र थापा, विजय बिष्ट, ममता ठाकुर, अरुण प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

भिलंगना में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने से परेशानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। केंद्र सरकार की ओर से बीते एक जनवरी 2023 से मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों की उपस्थिति के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) लागू किया गया है, उक्त व्यवस्था से ग्राम प्रधानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भिलंगना ब्लॉक के कई गावों में मोबाइल कनेक्टिविटी न होने और लंबे समय तक मोबाइल नेटवर्क गायब रहने से मनरेगा योजना में मजदूरी करने वाले श्रमिकों की हाजरी नहीं लग पा रही है। कनेक्टिविटी की परेशानी के मध्यनजर विगत माह ग्राम प्रधानों ने एनएमएमएस सिस्टम व्यवस्था लागू करने के खिलाफ ब्लाक मुख्यालयों में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया था। उच्च अधिकारियों के अश्वासन के बाद ग्राम प्रधानों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया था। अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या है, वह ग्राम प्रधान मोबाइल पर श्रमिकों की हाजरी दर्ज कर ब्लाक में दिखाने के बाद मस्टोल निकाल सकते हैं। भिलंगना ब्लॉक अंथवाल गांव की ग्राम प्रधान रेखा देवी ने बताया कि श्रमिकों से कार्य करवाने के दौरान घंटों तक मोबाइल नेटवर्क गायब रहता है, जिस कारण मौके पर श्रमिकों की हाजरी नहीं लग पा रही है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी, प्रधान संगठन और ब्लाक प्रमुख से इस समस्या का समाधान करने की अपील की है।

संक्षिप्त खबरें

कन्या गुरुकुल में खूब उड़े रंग गुलाल,मना फागोत्सव

देहरादून। कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में शुक्रवार को मनोविज्ञान विभाग की ओर फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमेंछात्राओं और शिक्षिकाओं ने जमकर होली खेली। इसके अलावा इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिसमे सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महिमा समूह ने द्वितीय स्थान प्रियांशी समूह ने तथा तृतीय स्थान यशवी समूह ने प्राप्त किया । एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौरवी ने द्वितीय स्थान महिमा ने व तृतीय स्थान तान्या एवं प्रियंका ने पाया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ ऋचा सक्सेना ने कहा की भारत वर्ष में सभी पर्वों का अपना महत्व रहता है, जो हमें साथ में मिल कर रहना सिखाते हैं। इस दौरान डॉ रेणु,डॉ हेमलता ,डॉ निपुर,डॉ नीना, डा. ऋचा,डॉ प्रवीणा, डॉ सविता सहित कई लोग मौजूद रहे।

महिलाओं को दी हेल्पलाइन आदि की जानकारी

हल्द्वानी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तीसरे दिन का कार्यक्रम नगर निगम सभागार में सपंन्न हुआ। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बाल संरक्षण विभाग, बाल विवाह, महिला हेल्पलाइन आदि की जानकारी दी। पुलिस विभाग की सुनीता कुंवर ने गौरा शक्ति ऐप, मानव तस्करी, नशा उन्मूलन और महिला थानों के बारे में बताया। अधिवक्ता संगीता टाकुली ने घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, बाल विकास परियोजना अधिकारी हल्द्वानी ग्रामीण शिल्पा जोशी, हल्द्वानी शहर शीला रौतेला आदि मौजूद रहे।

कंपनी साक्षात्कार को 33 का चयन

हल्द्वानी। ऑनलाइन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तहत पॉलीटेक्निक कोटाबाग में हिताची एस्टेमो गुरुग्राम पावरट्रेन सिस्टम्स की ओर से पूल कैंपस का आयोजन किया गया। इसमें पॉलीटेक्निक कोटाबाग के 15, सल्ट के 8, कालाढूंगी 6, खटीमा 6, गरुड़ 6, ईएसटीसी कानिया रामनगर के 12 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कुल 53 प्रतिभागियों में से 33 छात्र-छात्राओं का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ। इस दौरान कंपनी के सुरेश कुमार वीटी एचआर हेड, उमेश गर्ग, प्रोडक्शन हेड रितेश मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर एचआर सेक्शन हेड ने लिखित साक्षात्कार किया। इस दौरान कोटाबाग पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य बीपी सिंह, विवेक कुमार, राजेश कोहली, आशीष भारद्वाज, गिरीश फुलोरिया, डीएस भंडारी, रेखा, मनोज कुमार, नवीन जोशी रहे।

ऊर्जा निगम 21 करोड़ के सापेक्ष 7 करोड़ ही वसूल पाया

हल्द्वानी। ऊर्जा निगम का शहरी डिविजन 21 करोड़ राजस्व के सापेक्ष अभी तक केवल 7 करोड़ ही जमा कर पाया है। निगम ने बकाया वसूली को दिसंबर से अभियान चलाया है। निगम के शहरी डिविजन ने इसके लिए 21 करोड़ की धनराशि के बिलों की वसूली का लक्ष्य रखा था। पर तीन माह बीतने के बाद अभी तक केवल सात करोड़ ही जमा हो पाया है। बताया जा रहा है पूर्व में बिल में ब्याज की छूट नहीं मिलने से लोग बकाया जमा करने से बच रहे हैं। ऐसी स्थिति में विभाग को लक्ष्य पूरा करने के लिए मार्च में 14 करोड़ बिल की वसूली करनी होगी। अधिशासी अभियंता विनोद पांडे ने बताया अधिकांश धनराशि विभागों से जमा होनी है। इस माह में इसकी वसूली की जाएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर धरना

हल्द्वानी। सीएचसी कालाढूंगी में अल्ट्रासाउंड व्यवस्था, स्थाई डाक्टरों की नियुक्ति की मांग को लेकर युवाओं ने तहसील परिसर में एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन किया। शुक्रवार को धरना प्रदर्शन में मौजूद अर्णव कंबोज, वकील अहमद, ऋतिक गोस्वामी, रोहित बुधलाकोटी, नदीम अहमद, उस्मान सलमानी, सरताज फारुकी ने कहा, कालाढूंगी अस्पताल को सिर्फ रेफर सेंटर बना दिया है। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालों को यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को ठीक करने से कोई मतलब नहीं है। कहा, एक बार फिर एसडीएम के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा गया है। साथ ही 15 दिन के भीतर मांगों का समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

पौलगांव में भूधंसाव रोकने की मांग

उत्तरकाशी। नगर पालिका के वार्ड नम्बर 07 सहित पौलगांव में भूधंसाव जारी है। वर्ष 2010 में आयी आपदा के बाद से वार्ड 07 के निवासी सहमे व डरे हुए हैं। जबकि पौलगांव में सुरंग का मलबा डंपिंग किये जाने से खतरा पैदा हो गया है। एनएच रोड का हिस्सा भी लगातार धंसाव की चपेट में है। मालूम हो कि सामाजिक चेतना की बुलन्द आवाज जय हो ग्रुप के सदस्यों सहित वार्ड वासियों ने उपजिलाधिकारी को लिखे पत्र में बताया कि नगर पालिका के वार्ड संख्या 7 में वर्ष 2010 और 2013 की भीषण आपदा के बाद लगातार भू धंसाव का सिलसिला जारी है। जय हो ग्रुप के संयोजक सुनील थपलियाल, मोहित अग्रवाल, गिरीश चौहान, शैलेन्द्र पीटर, अंकित अग्रवाल, आशीष पंवार, कपिल चौना, रजत अधिकारी, रणवीर सिंह रावत, एडवोकेट विनोद बिष्ट, भगवती रतूड़ी, दिनेश रावत, द्वारिका सेमवाल, जय प्रकाश बहुगुणा आदि ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर भूधंसाव के ट्रीटमेंट की मांग की है।

अग्निकांड पीड़ितों को एक-एक लाख देने की घोषणा

उत्तरकाशी। पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने विकासखंड मोरी के स्वीचाणगांव में अग्निकांड से पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर उन्होंने विधायक निधि से प्रत्येक परिवार को एक-एक लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। विधायक ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में सरकार प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। विधायक ने जिला प्रशासन से तत्काल राहत सहायता उपलब्ध करवाई। बता दें कि बीते गुरुवार को स्वीचाणगांव में रात करीब एक बजे अचानक लगी भीषण आग से दो आवासीय मकान जलकर राख हो गए। अग्निकांड से पांच परिवार बेघर हो गए। प्रशासन की ओर से प्रभावितों को तत्काल अहेतुक सहायता प्रदान की गई। विधायक दुर्गेश्वर ने भी गांव पहुंचकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मोरी ईश्वन पंवार, मंडल अध्यक्ष सांकरी दर्शन रावत, जिपंस अरुण रावत , पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह रांगड़, जगदीश रांगड़ थे।

परीक्षा केंद्रों पर लागू रहेगी धारा 144

उत्तरकाशी। आगामी 5 मार्च को जिले में 28 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली कनिष्ठ सहायक परीक्षा को देखते हुए परगना मजिस्ट्रेट भटवाड़ी ने अपने 18 परीक्षा केंद्रों में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। एसडीएम चत्तर सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा 5 मार्च रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा अवधि में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा को सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन में व्यवधान पैदा कर शांतिव्यवस्था भंग कराने के प्रयास किए जाने की आशंका है।

शत प्रतिशत राजस्व वसूली बढ़ाने को यूपीसीएल ने छेड़ी मुहिम

अवकाश के दिन भी जमा होंगे बिजली के बिल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। ऊर्जा निगम के सभी ऑफिसों में अब रविवार समेत अवकाश के दूसरे दिनों में भी बिजली के बिल जमा होंगे। राजस्व वसूली बढ़ाने, बिजली खरीद को पैसे जुटाने को राजस्व वसूली शत प्रतिशत किए जाने को यूपीसीएल की ओर से मुहिम छेड़ी जा रही है। बाजार से महंगी बिजली जुटाने को यूपीसीएल को अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ रहा है। पिछली बार अकेले मार्च, अप्रैल, मई के महीने में ही बिजली जुटाने को 1300 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े थे। इस बार भी अप्रैल, मई, जून के महीने में बिजली का गंभीर संकट खड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। इस संकट से निपटने को शत प्रतिशत राजस्व वसूली पर जोर दिया जा रहा है। 31 मार्च तक शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित हो सके, इसके लिए अब सप्ताह में पूरे सात दिन यूपीसीएल के ऑफिस खुले रहेंगे। निदेशक ऑपरेशन एमएल प्रसाद की ओर से सभी ऑफिसों के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। सिर्फ होली के लिए सात और आठ मार्च को अवकाश रहेगा। इसके बाद रविवार और दूसरे शनिवार को भी ऑफिस खुले रहेंगे। सामान्य दिनों की तरह राजस्व वसूली की जाएगी। यूपीसीएल के स्तर से 95 प्रतिशत ही राजस्व वसूली रहती है। इस पांच प्रतिशत वसूली के छूट जाने के कारण 500 करोड़ के राजस्व का नुकसान यूपीसीएल को हो रहा है।

> राजस्व वसूली बढ़ाने को बिजली के बिल अब पूरे समय जमा किए जा सकेंगे। उपभोक्ता रविवार समेत दूसरे अवकाश के दिन भी बिल जमा कर सकेंगे। इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।
>
> **–अनिल कुमार, एमडी यूपीसीएल**

दून में लगेगा देश भर के रेशम उत्पादकों का सात दिवसीय मेला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। देश भर के सिल्क उत्पादकों का सात दिवसीय मेला देहरादून में आयोजित किया जाएगा। मेले के जरिए उत्तराखंड के सिल्क को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। मेले में केंद्रीय कपड़ा मंत्री शामिल होंगे। राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना निदेशालय देहरादून में हुई बैठक में सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि मेले में सभी प्रदेशों के सिल्क उत्पादक का काम करने वालों को आमंत्रित किया जाए। इस मेले से दून सिल्क को देश भर में पहचान मिलेगी। देश भर के रेशम से बने हुए वस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्य के लोगों को भी कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना के दक्षिणी राज्यों के रेशम के उत्पाद देहरादून में खरीदने को मिलेंगे।

कहा कि इस दिशा में उत्तराखंड कोऑपरेटिव रेशम फेडरेशन भी अच्छा काम कर रहा है। लाल बहादुर शास्त्री आईएएस एकेडमी में आईएएस प्रशिक्षुओं ने सिल्क वस्त्रों की खरीदारी में अच्छी रूचि दिखाई है। उत्तराखंड के सभी विश्वविद्यालयों के सभी दीक्षांत समारोह में पहने जाने वाले परिधान अब दून सिल्क के ही तैयार होंगे। बैठक में यूसीएफ अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, रेशम फेडरेशन अध्यक्ष अजीत सिंह, प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन अध्यक्ष राम मेहरोत्रा, अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद शुक्ल, नीरज बेलवाल, रामिन्द्री मंद्रवाल, मान सिंह सैनी, मातबर कंडारी, त्रिभुवन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

प्रगतिशील किसानों के विदेश भ्रमण की तैयारी हो तेज

समीक्षा बैठक में बताया गया कि 13 प्रगतिशील किसानों को विदेशों में शैक्षणिक भ्रमण को भेजा जा रहा है। सहकारिता मंत्री ने उनके चयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपर निबंधक ईरा उप्रेती ने बताया कि सभी जिलों से किसानों के नाम आ गए हैं। सिर्फ अल्मोड़ा बाकि है। मंत्री ने कॉपरेटिव के संस्थानों से जुड़े लोगों को पांच पांच राज्यों के अध्ययन पर भेजने को कहा।

उत्कृष्ट कार्य करने पर 27 महिलाएं हुई सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालीं 27 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्यालय स्थित ज्वाल्पा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने यहां मौजूद महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की बधाई दी। कहा कि पहाड़ की महिला भी पहाड़ जैसी ही मजबूत होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने नारी पर आधारित कविता मैं ही तो नारी हूं कविता का पाठ भी किया। विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा दीक्षित ने कहा कि महिला से ही जीवन शुरू होता है जबकि बिना महिलाओं की सहभागिता के समाज का निर्माण होना असंभव है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह को रोकने में महत्वूर्ण भूमिका देने पर या उसकी सूचना उपलब्ध कराने वालों को पुरस्कृत किया जा रहा है। बताया कि वैसे तो हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है, किंतु इस बार होली के चलते अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम किए गए। अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की जनपद ब्रांड एंबेसडर प्रीति नेगी ने कहा कि स्त्री में हर स्थिति में सामंजस्य बिठाने की अद्भुत क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का हर हाल में सम्मान होना चाहिए। बाल कल्याण समिति की सदस्य अनसुया पटवाल ने 0 से 18 वर्ष तक के कमजोर, निराश्रित व बाल श्रम को रोकने के लिए किए जा रहे जागरुक कार्यक्रमों व योजनाओं की जानकारी दी। आंगनवाड़ी कार्यकत्री गायत्री जगवाण ने महिला जीवन पर आधारित मार्मिक गीत गाया। कमला रावत व संगीता कप्रवान ने कविता के माध्यम से महिला जीवन पर प्रकाश डाला।

शिक्षा विभाग में उच्च अफसरों की कमी जल्द दूर हो

रुद्रप्रयाग। प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने कहा कि जनपद में शिक्षा विभाग में उच्च अधिकारियों के पद काफी समय से खाली चल रहे हैं जिससे शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। बिना अफसरों के शिक्षकों के लंबित मामलों का भी सही ढंग से निस्तारण नहीं हो पा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष शिव सिंह पंवार व जिला महामंत्री लखपत सिंह लिंगवाल ने कहा कि जनपद में मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व बेसिक के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। जिला प्रशिक्षण संस्था रतूड़ा के प्राचार्य सीईओ का अतिरिक्त प्रभार देख रहे हैं। यही हालात ब्लाक स्तर पर भी चल रही है। जनपद के तीनों विकासखंडों में मात्र एक उप शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। अधिकारियों की कमी से जूझ रहे जनपद में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। बिना अधिकारियों के शिक्षकों के कई प्रकरण लंबित पड़े है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। कहा कि इस संबंध में सरकार व शासन को अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में अपर महानिदेशक को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अभी तक अधिकारियों को नहीं भेजा गया है। जिससे जनपद व ब्लाक स्तरीय कार्य बाधित हो रहे है। उन्होंने सरकार व शासन से जनपद में जल्द अधिकारियों की तैनाती की मांग की है।

दुकानें शिफ्ट नहीं हुई तो लाइसेंस होगा निरस्त

चमोली। नगर पालिका द्वारा मीट मार्केट को शिफ्ट करने के लिए शुक्रवार को व्यापारियों को अंतिम नोटिस थमा दिया गया है। नगर पालिका प्रशासन ने कहा कि यदि जल्द व्यापारी नव निर्मित दुकानों में शिफ्ट नहीं हुए तो लाइसेंस निरस्तीकरण सहित अन्य कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर में जगह-जगह मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं। जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद मुखर होकर कार्रवाई की मांग कर रहा है। वहीं नगर पालिका ने मांस की सभी दुकानें एक जगह संचालित हो, इसके लिए पेट्रोल पंप में दुकानों का निर्माण किया है। लेकिन एक साल से लगातार नपा दुकानदारों को नवनिर्मित दुकानों में शिफ्ट होने के आदेश जारी करता रहा है। बावजूद दुकानें शिफ्ट नहीं हो पाई। ऐसे में शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी गुरुदीप आर्य ने कहा कि नव निर्मित दुकानों में बिजली, पानी सहित सभी सुविधाएं तैयार कर दी गई हैं।

संक्षिप्त खबरें

कर्मचारियों को जल्द दिया जाए पुरानी पेंशन का लाभ

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन एनएमओपीएस ने सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि कर्मचारियों का संघर्ष लगातार अपना असर दिखा रहा है। इसी के चलते केंद्र ने 22 दिसंबर 2003 से पूर्व जारी विज्ञापन के आधार पर नियुक्त सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के आदेश कर दिए हैं। उत्तराखंड में भी कर्मचारी एक अक्टूबर 2005 से पूर्व जारी विज्ञापन के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली का लाभ देने की मांग कर रहे हैं। हाईकोर्ट भी आदेश कर चुका है। सात जनवरी 2022 को कैबिनेट भी इसी मामले में फैसला कर चुकी है। इसके बाद भी अभी तक शासनादेश जारी नहीं किया गया है। जो सीधे तौर पर अन्याय है। सरकार को खुद संज्ञान लेते हुए केंद्र की तरह फैसला लेना चाहिए। उत्तराखंड सरकार को भी पहले चरण में प्रभावित शिक्षक, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के आदेश जारी करने चाहिए। सरकार को सभी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से पांच राज्यों की तरह पुरानी पेंशन का लाभ देना चाहिए। जब तक लाभ नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेश में आयुष्मान कार्ड की संख्या 50 लाख पार

देहरादून। उत्तराखंड में आयुष्मान कार्ड की संख्या 50 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। सबसे अधिक 10.47 लाख कार्ड देहरादून में बनाए गए हैं। जल्द शत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य पूरा करने पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 23 सितम्बर 2018 से लागू हुई। अटल आयुष्मान योजना का संचालन 25 दिसम्बर 2018 से शुरू हुआ। अब इस योजना में 50 लाख कार्ड बनाने का रिकॉर्ड बनाया जा चुका है। सभी लोगों को आयुष्मान योजना से जोडने को बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। ये योजना बेहद अहम है। हमारी प्रतिबद्धता है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य निशुल्क सुविधा मिले।

गैरसैंण में पहले ही दिन विधानसभा घेराव करेगी कांग्रेस

देहरादून। गैरसैंण में बजट सत्र के पहले ही दिन मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का निर्णय लिया है। कांग्रेस भर्ती घपला, अंकिता हत्याकांड और अडाणी मामले को लेकर प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि केंद्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम हो रही है। युवा, महिलाएं, कर्मचारी वर्ग सरकार के खिलाफ आंदोलनरत हैं। इसलिए सरकार को जगाने के लिए कांग्रेस बजट सत्र के पहले ही दिन गैरसैंण में विधानसभा घेराव करेगी। इसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ ही सभी विधायक मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश सरकार से जुड़े मुख्य रूप से भर्ती घोटाला, अंकिता भंडारी हत्याकांड, महिला सुरक्षा जबकि केंद्र सरकार से जुड़े अडाणी मामला, महंगाई को लेकर प्रदर्शन करेगी। साथ ही पार्टी विधायक सदन में भी सरकार को जोरदार तरीके से घेरेंगे। बजट सत्र आगामी 13 मार्च से शुरू हो रहा है। माहरा ने कहा कि सरकार ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी का दर्जा देने के नाम भी छलावा किया है। तीन साल बीतने के बावजूद गैरसैंण में राजधानी का काम काज शुरू नहीं हो पााय है। सिर्फ सांकेतिक रूप से बीच में सत्र आयोजित कर दिया जाता है। इसके खिलाफ भी कांग्रेस आवाज उठाएगी।

होली पर अतिरिक्त रूप से सतर्क रहे पुलिस

देहरादून। सीएम पुष्कर धामी ने गृह विभाग और पुलिस को होली के मौके पर कानून व्यवस्था की विशेष निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र पर्व को मनाने में किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। शुक्रवार को गृह विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा कि होली जैसे पर्व को लेकर पुलिस विभाग पुख्ता इंतजाम करें। प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में विशेष सर्तकता बरती जाए। उन्होने पुलिस महानिदेशक को सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था या अप्रिय घटना न होने पाए। इसमें किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नही की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसामाजिक तत्वों और संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस तंत्र फील्ड पर सतर्क और सक्रिय रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उल्लास और उमंग का यह पर्व देवभूमि उत्तराखंड में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, यह परम्परा आगे भी बनाए रखनी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार उपस्थित रहे।

श्रमिकों को कारखाने में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचाव को करें जागरूक : श्रम आयुक्त

देहरादून। श्रम विभाग ने सभी फैक्ट्रियों में श्रमिकों को वहाँ होने वाली दुर्घटनाओं से जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। श्रम आयुक्त दीप्ति सिंह की ओर से सभी फैक्ट्रियों के प्रबंधकों से अपील की है कि चार मार्च को वे अपने-अपने कारखानों में नियोजित श्रमिको को उनके कारखाने में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए सेमिनार या गोष्ठी के माध्यम से जागरूक करें। साथ ही सुरक्षा स्लोगन, बैनर एवं सुरक्षा से सम्बन्धित पोस्टर आदि भी लगाए जाएं। जिससे राज्य की उत्पादकता में वृद्धि एंव दुर्घटनाओं में कमी हो सके।

सवा करोड़ की साइबर ठगी में एक और आरोपी दबोचा

देहरादून। बीमा पालिसी में मदद का झांसा देकर महिला से 1.30 करोड़ रुपये हड़पने में शामिल एक अन्य आरोपी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने महिला को कॉल करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन और कई एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। एएसपी एसटीएफ चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि विनोद कुमारी बंसल निवासी आकाशदीप कॉलोनी ने बीते 26 दिसंबर को केस दर्ज कराया। बताया कि पीड़िता ने साल 2017 में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की पालिसी ली। जो 2027 में मेच्योर होनी थी। पिछले साल एक व्यक्ति ने कॉल की। उसने खुद को मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने जुड़ा बताया। आरोप है कि उसने पालिसी अटकने की बात कही। इसके बाद पालिसी में मदद का झांसा देकर पालिसी एक्टिवेट करने की बात कही। इस तरह झांसे में लेकर मोटे रिटर्न का लालच देकर अपने बैंक खाते में रकम जमा कराई गई। केस में मुख्य आरोपी मनीष पाल को पिछले महीने दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। उससे मिली जानकारी के आधार पर आरोपी राहुल पाण्डे पुत्र साधु प्रसाद निवासी आरजेडएफ निहाल विहार नागलोई पश्चिमी दिल्ली को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन टीम ने अब गिरफ्तार किया।

एनएचएम के महानिदेशक डॉ. आर.राजेश कुमार और निदेशक डॉ.सरोज नैथानी के मज़बूत प्रयासों से उत्तराखंड हो रहा स्वस्थ

विश्व श्रवण दिवस पर बधिरता रोकथाम हेतु वेबिनार का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभागार में शुक्रवार को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर एन.एच.एम. द्वारा राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एन.एच.एम. के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को बधिरता रोकथाम हेतु धरातल पर जनजागरुकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने हेतु

कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागी डॉक्टरों को बधिरता के संबंध में बच्चों की स्क्रीनिंग आवश्यक रुप से किए जाने हेतु निर्देशित किया।विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर आयोजित वेबिनार कार्यक्रम का शुभारंभ एन.एच.एम. निदेशक डॉ. सरोज नैथानी द्वारा किया गया व विश्व श्रवण दिवस के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व श्रवण दिवस की थीम "कान एवं सुनने की शक्ति की देखभाल आओ इसे मिलकर सार्थक बनाए" रखी गई है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी डॉ. पकंज कुमार सिंह द्वारा किया गया।वेबिनार में मुख्य वक्ताओं डॉ. आलोक जैन सीनियर ई.एन.टी. सर्जन प्रेसिडेंट उत्तराखंड स्टेट ई.एन.टी. सर्जन एसोसिएशन, डॉ. मनु मलहोत्रा हेड ई.एन.टी. एम्स ऋषिकेश, डॉ. अनूप कौशल हेड नेक सर्जन व सीनियर ई.एन.टी, डॉ. वी.एस. टोलिया निदेशक राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के द्वारा वेबिनार में जुड़े हेल्थ वर्कर्स एवं डॉक्टर को बधिरता के प्रारंभिक रोकथाम व नियंत्रण एवं प्राथमिक स्तर पर बधिरता की पहचान करते हुए संभावित उपचार के बारे में बताया गया।वेबिनार पर लोगों को बहरेपन की समस्या के कारण और निवारण के प्रति जागरूक और सचेत करने पर जोर दिया गया। इसके साथ यह जानकारी दी गई कि कैसे अपने कान के स्वास्थ्य पर ध्यान दे सकते हैं।विश्व श्रवण दिवस का उद्देश्य बहरेपन की समस्या से लोगों को जागरूक करना व इससे ग्रस्त लोगों का उपचार करना है तथा ऑडियो उपकरणों के असुरक्षित उपयोग यानी नॉइज पॉल्युशन के प्रति लोगों को सचेत करना है।

संपादकीय

भ्रष्टाचार पर लगाम

भारत की अध्यक्षता में जी-20 समूह के देशों के विभिन्न सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं. इसी क्रम में भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह की चार दिवसीय बैठक चल रही है. इसमें समूह के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ 10 एसोसिएट डीएसओएन तथा नौ संगठनों के लोग शामिल हैं. इस बैठक का उद्देश्य भ्रष्टाचार की रोकथाम और सार्वजनिक धन को अवैध तरीके से देशों की सीमा से बाहर ले जाने से रोकने के उपायों पर विचार करना है. वर्ष 2010 में स्थापित हुए इस कार्य समूह ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. भ्रष्टाचार एक विश्वव्यापी समस्या है. अक्सर ऐसा होता है कि एक देश में जनता से लूटे गये धन को दूसरे देशों में हवाला और अन्य माध्यमों से भेजा जाता है. इस रैकेट के तार नशीले पदार्थों के कारोबार, घातक हथियारों की तस्करी तथा आतंकवाद से भी जुड़े होते हैं. प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने उचित ही रेखांकित किया है कि भ्रष्टाचार से संसाधनों का प्रभावी उपयोग बाधित होता है, शासन में रुकावट आती है तथा बेहद निर्धन और हाशिये के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं. भारत ने इस बैठक में इस गंभीर समस्या के प्रति किसी तरह नरमी नहीं बरतने का आह्वान किया है तथा वैश्विक स्तर पर भ्रष्ट एवं अवैध तरीके से कमाये गये धन को पकड़ने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया है. उद्घाटन सत्र के बाद डॉ सिंह ने जानकारी दी कि भारत में प्रवर्तन निदेशालय ने पांच वर्षों में लगभग 180 अरब डॉलर की भ्रष्ट कमाई को पकड़ा है. इन मामलों में जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनके द्वारा लगभग 272 अरब डॉलर की लूट किये जाने का अनुमान है. वर्ष 2018 में मोदी सरकार ने आर्थिक अपराधियों के विरुद्ध एक विशेष कानून भी बनाया था. जो भ्रष्ट लोग बाहर भाग जाते हैं या अवैध कमाई को भेज देते हैं, उन्हें पकड़ना या उनकी ठीक से जांच एवं पूछताछ करना इसलिए मुश्किल होता है कि हर देश के कानून अलग-अलग हैं. कई बार एजेंसियां या पुलिस तंत्र का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता. अपराधी कानूनी कमियों का फायदा भी उठाते हैं. भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह की बैठक में इन चुनौतियों पर विचार किया गया है. कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह समझ बनने लगी है कि कानूनी पहलुओं पर आपसी सहयोग बढ़ाना जरूरी है क्योंकि भ्रष्टाचार, वस्तुओं और लोगों की तस्करी, नशे, आतंक आदि से कमोबेश सभी प्रभावित होने लगे हैं. परस्पर सहयोग बढ़ने से बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और कराधान प्रतिष्ठानों को भी लाभ मिलेगा तथा वैश्विक विकास को भी गति मिलेगी.

दैनिक न्यूज़ वायरस

संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

डी आई टी विवि में विज्ञान दिवस के कार्यक्रम आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सर सी.वी. रमन के योगदान को चिह्नित करने के लिए, डीआईटी विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान स्कूल ने ₹राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023₹ मनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया।प्रो नवीन सिंघल, डीन एलुमन और मुख्य प्रॉक्टर, डीआईटी विश्वविद्यालय इस आयोजन के प्रमुख सलाहकार थे। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. रवि शुक्ला, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एवं डॉ. मनीषा दुसेजा, प्रमुख, रसायन विज्ञान विभाग थे. डॉ. समता मनोरी संयोजक थीं। डॉ. सोनम महाजन मिश्रा, डॉ. पूजा सक्सेना और डॉ. संजीव सैनी इस कार्यक्रम के समन्वयक थे।क्विज, वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जैसी कई शैक्षिक गतिविधियों के साथ अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। गतिविधियों में हिम ज्योति और पेस्टल वीड स्कूल के छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया।इस वर्ष भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम ₹ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेल बीइंग₹ रखी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री विशाल शास्त्री, कार्यकारी निदेशक, जियोपिक ओएनजीसी, देहरादून एवं डीआईटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी

रघुराम द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई।श्री विशाल शास्त्री ने हाइड्रोकार्बन के ज्ञान के बारे में जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। इस आयोजन के लिए कुल 153 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 98 छात्रों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया, 33 ने वाद-विवाद के लिए और 54 ने पोस्टर सत्र के लिए पंजीकरण कराया। एयरोस्पेस इंटरनेशनल के श्री अरविंद गुप्ता द्वारा एक एयरो मॉडलिंग कार्यशाला भी आयोजित की गई थी।कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त देहरादून श्री मनुज गोयल थे। उन्होंने अपने ज्ञान के शब्दों से छात्रों को प्रेरित किया। डीआईटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री एन. रविशंकर ने सभा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की समझ से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और प्रोफेसर नवीन सिंघल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

नैनो यूरिया के प्रयोग से खेती की उर्वरकता को मिलेगा फायदा

चमोली। जिला सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि फसलों में दानेदार यूरिया के प्रयोग से कई दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं। ऐसे में दानेदार यूरिया के बजाए नैनो यूरिया के प्रयोग से इन दुष्प्रभाओं को काफी कम कर सकते हैं। इस दौरान मोटे अनाज की अच्छी खरीद पर गैरसैंण, नारायणबगड़ और थराली समितियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद समीतियों के सचिव, उर्वरक विक्रेता एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बताया गया कि 500 एमएल नैनो यूरिया 45 किग्रा दानेदार यूरिया के बराबर काम करता है। इफको देहरादून की कृषि स्नातक निहारिका पांडे ने नैनो यूरिया के प्रयोग और प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने कहा कि पारंपरिक खेती को आधुनिक खेती में बदलकर ही व्यवसायिक कृषि की जा सकती है। कार्यक्रम में सहायक निबंधक योगेश्वर जोशी ने कहा कि नैनो यूरिया का बिक्रय जहां किसानों को कम दुष्प्रभाव वाली फसल देगा वहीं समिति को कमाई का एक साधन भी उपलब्ध कराएगा। जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक एस सिंह ने बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में दी। इस दौरान सहित समितियों के सचिव और अन्य कर्मचारी, अधिकारी मौजूद थे।

स्काई एयर और एम्स ऋषिकेश ने उन्नत ड्रोन तकनीक के माध्यम से सफल टीबी दवा वितरण के साथ स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने के लिए हाथ मिलाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश,3 मार्च, स्काई एयर मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड और एम्स ऋषिकेश ने अभूतपूर्व ड्रोन डिलीवरी ऑपरेशन के सफल परीक्षण के बाद उत्तराखंड के दूरदराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवा में क्रांति लाने के लिए हाथ मिलाया है। 2 मार्च, 2023 को चलाए गए मिशन ने स्काई एयर के उन्नत वीटीओएल स्टारलाइनर का उपयोग जुड्डा गांव में टीबी की दवा पहुंचाने के लिए किया, जो केवल 14 मिनट में 14 किमी की हवाई दूरी तय करता है।

यह परीक्षण प्रो. मीनू सिंह, निदेशक एम्स ऋषिकेश और डॉ. जितेंद्र गैरोला, नोडल अधिकारी- ड्रोन आधारित स्वास्थ्य सेवाएं, एम्स, ऋषिकेश की उपस्थिति में किया गया।

यह उपलब्धि भारत के प्रधान मंत्री की देखरेख में शुरू की गई ₹टीबी मुक्त भारत₹ परियोजना में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह लोगों के जीवन, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ड्रोन तकनीक की क्षमता को प्रदर्शित करता है। Skye Air का अभिनव ड्रोन डिलीवरी सिस्टम, जिसे Skye UTM का उपयोग करके संचालित किया गया था, जमीन से संपूर्ण पारगमन प्रक्रिया की निगरानी करने में सहायक था, जो बेहद आवश्यक टीबी दवा की सुरक्षित और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करता था।

स्काई एयर और एम्स ऋषिकेश के बीच पीओसी परीक्षण इस बात का एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञता और अत्याधुनिक तकनीक लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए मिलकर काम कर सकती है। स्काई एयर के सीईओ अंकित कुमार ने विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा एम्स ऋषिकेश के साथ मिलकर काम करने के लिए आभार और सम्मान व्यक्त किया और टीबी मुक्त भारत पर भारत के प्रधान मंत्री के मिशन को पूरा करने में पीओसी के महत्व पर जोर दिया।

यह सफल परीक्षण ड्रोन उद्योग में नवाचार और उत्कृष्टता के लिए स्काई एयर की प्रतिबद्धता के साथ-साथ दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के लिए उनके समर्पण को रेखांकित करता है। स्काई एयर की उन्नत ड्रोन तकनीक और एम्स ऋषिकेश की स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञता की मदद से, पीओसी परीक्षणों का उद्देश्य उत्तराखंड के लोगों को घर पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, जो उनके जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

स्काई एयर और एम्स ऋषिकेश के संयुक्त प्रयास उत्तराखंड के दूरदराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवा को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत देते हैं, और वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अन्य स्वास्थ्य सेवा संगठनों के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने के लिए तत्पर हैं। इस परीक्षण की सफलता स्वास्थ्य सेवा वितरण में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए एक आशाजनक भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है, और स्काई एयर और एम्स ऋषिकेश इस अभिनव आंदोलन में सबसे आगे हैं।